# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 अक्टूबर, 2023

अंक : 487


## वेकोलि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में दिनांक 30.10.2023 को नागरिक-ईमानदारी प्रतिज्ञा के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का शुभारंभ हुआ। वेकोलि मुख्यालय में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार, सीएमडी, वेकोलि ने कर्मियों को नागरिक-ईमानदारी की शपथ दिलाई।



इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे की प्रमुख उपस्थिति रही।

स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा ईमानदारी



वेकोलि के मूल सिद्धांत है तथा इन्हें बल प्रदान करने हेतु सतर्कता विभाग निरंतर कार्यशील रहता है। उन्होंने बताया कि मुख्य सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार वेकोलि में 16 अगस्त से 15 नवंबर, 2023 तक 3 माह विशेष सतर्कता मुहिम चलाई जा रही है, जिसके तहत



जनहित प्रकटीकरण और सूचनादाताओं की सुरक्षा संकल्प सम्बन्धी जागरूकता, कैपेसिटी बिल्डिंग, प्रणालीगत सुधार आदि पर कार्य किए जा रहे है।

वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि ईमानदारी भारत देश की संस्कृति का अविभाज्य अंग है तथा इस सिद्धांत को अपना कर ही हम आगे बढ़ सकते है। उन्होंने कहा कि कंपनी के दैनिक कार्यों में पारदर्शिता तथा ईमानदारी बरतने से न केवल हम कार्य को नियमानुसार पूर्ण करते है बल्कि राष्ट्र के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाते है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी निवारक सतर्कता के सिद्धांतों को



अपनाते हुए अपना कार्य जागरूकता पूर्वक करें।

इस अवसर पर अतिथियों ने 'जनहित प्रकटीकरण और सूचनादाताओं की सुरक्षा संकल्प (PIDPI)' पर केंद्रित स्टॉल का उद्घाटन तथा इसी विषय से संबंधित संकलन का विमोचन किया।

अवसर विशेष के लिए प्राप्त माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, माननीय उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ एवं केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेश का वाचन महाप्रबंधक सर्वश्री दिपक रेवतकर, एम के बालुका एवं



एस. के. बत्रा ने किया।

कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती अनुपमा टेंभुरर्निकर, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) ने किया। समारोह में विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यूट्यूब के सीधे



प्रसारण के माध्यम से सभी क्षेत्रों से टीम वेकोलि के सदस्य भी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम से जुडे।

उल्लेखनीय है कि कंपनी मुख्यालय तथा क्षेत्रों में सप्ताह पर्यंत विविध कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## वेकोलि में सतर्कता जागरूकता रैली



सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2023 के दौरान विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में वेकोलि में 31.10.23 को प्रातः सतर्कता जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्यालय से प्रारंभ इस रैली को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ निदेशक (तकनीकी/कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने चल कर सामने से रैली का नेतृत्व किया।

इस रैली में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्षा श्रीमती आभा द्विवेदी, श्रीमती सोनाली म्हेत्रे तथा सदस्याएँ श्रीमती नीरू हंजूरा एवं श्रीमती अंजु गुप्ता प्रमुखता से उपस्थित थी। सतर्कता विभाग के संयोजन में आयोजित इस रैली में, बड़ी संख्या में कर्मियों ने अवसर विशेष के लिए बनाये गये टी-शर्ट पहन, हाथों में सार्थक संदेश की तख्तियां लिये उत्साह के साथ भाग लिया।










## वेकोलि में स्वच्छता की 'विशेष मुहिम – 3.0' संपन्न




दिनांक 02 अक्टूबर, 2023 से वेकोलि में आरंभ स्वच्छता की 'विशेष मुहिम – 3.0' का समापन 31 अक्टूबर, 2023 को हुआ। इस 'विशेष मुहिम – 3.0' के अंतर्गत वेकोलि में स्वच्छता के लिए नियमित साफ-सफाई के साथ ही स्क्रैप डिस्पोजल, शिकायतों का निराकरण, अनावश्यक फाइलों का निपटान आदि कार्य तेजी से किए गए।

इस विशेष मुहिम के तहत वेकोलि ने कुल 33 विभिन्न जगहों को स्क्रैप डिस्पोजल हेतु चिह्नित किया गया था। इस मुहिम के अंत तक कुल 45 जगहों पर यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस मुहिम में कुल 209 मिलियन टन स्क्रैप लोहा, 1,64,950 लीटर अनावश्यक तेल, 1104 पुराने टायर, 254 ख़राब बैटरी आदि का स्क्रैप डिस्पोजल किया गया है। स्क्रैप के विक्रय से कंपनी ने 190.7 लाख रुपए की राशि अर्जित की है। कंपनी के कुल 23363 वर्ग फूट जगह की सफाई की गई। इन सभी जगहों पर सफाई को बरक़रार रखने हेतु समुचित निर्देश भी दिए गए है। इस मुहिम के दौरान कार्यालयों के सौंदर्यीकरण के भी सफल प्रयास किए गए।

इस मुहिम के तहत फाइलों के निपटान का महत्वपूर्ण कार्य किया गया। इसके अंतर्गत लंबित फाइलों की समीक्षा कर उनपर समुचित कार्यवाही की गई। इस दौरान, काग़ज़ी फाइलों के साथ ही ई-ऑफिस की 32,000 फाइलों की समीक्षा की गई तथा 11677 फाइलों में उचित कार्यवाही कर निपटान किया गया।

शिकायतों के निराकरण का कार्य भी इस मुहिम का महत्वपूर्ण भाग था। इस मुहिम के अंतर्गत वेकोलि में प्राप्त सभी प्रकार की शिकायतों पर कार्यवाही कर उनका निराकरण किया गया। इस पहल की वजह से गत 15 दिनों में आई हुई कुछ न्यूनतम शिकायतें ही कार्यवाही हेतु शेष है।

वेकोलि के इस कंपनी स्तरीय, सकारात्मक पहल से सभी कर्मियों में उत्साह है। कार्य में तेजी और आस-पास सफाई, स्पष्ट देखी जा सकती है। इस मुहिम से स्वच्छता संबंधी जागरूकता तो बढ़ी ही है साथ ही स्वच्छता का सिद्धांत कर्मियों के जीवन में अंतर्भूत होते हुए भी दिखाई पड़ रहा है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर वेकोलि की आदरांजलि

भारत के भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री तथा प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर टीम वेकोलि नें आदरांजलि अर्पित की। मुख्यालय में आयोजित समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया।

श्री मनोज कुमार ने उपस्थित सभी कर्मियों को "राष्ट्रीय एकता" की शपथ दिलायी। अपने संबोधन में उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन कार्य पर प्रकाश डाला। समारोह में उपस्थित विभाग प्रमुखों, अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों ने भी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के प्रति आदर व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में में कल्याण विभाग की सक्रीय भूमिका रही।







निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत वेकोलि ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (एटीएमए), नागपुर के साथ भिवापुरी मिर्च की विलुप्त होती प्रजाति के संरक्षण के लिए समझौता (MoU) किया।

## वेकोलि में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 रैली का आयोजन






टीम WCL ने दिनांक - 21 अक्तूबर 2023 को प्रातः फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 रैली का आयोजन किया। मुख्यालय से प्रारंभ इस रैली को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं साथ चल कर नेतृत्व किया। इस रैली में निदेशक (तकनीकी/कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव प्रमुखता से उपस्थित थे। कल्याण विभाग के संयोजन में आयोजित इस रैली में, बड़ी संख्या में महाप्रबंधकों / विभागप्रमुखों, अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों ने भाग लिया।


WESTERN COALFIELDS LIMITED & MISSION WCL @TeamWCL @TeamWCL www.westerncoal.in

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।